Title: Need to allocate more funds for Banas Project with a view to solve acute drinking water problem in Jaipur, Rajasthan.

श्री गिरधारी लाल भार्गव (जयपुर) : महोदय, राजस्थान में पेय जल का संकट बहुत अधिक बढ़ता जा रहा है। सभी बावड़िया, कुएँ और तालाब सूख गए हैं। वर्षा होने की आशा अभी धूमिल है। जयपुर शहर का एक मात्र पेयजल स्रोत रामगढ़ का बन्धा भी लगभग सूख गया है और नलकूपों के द्वारा जो निरन्तर पानी लिया जा रहा था उनका स्तर भी गिर गया है। आने वाले समय में राजस्थान की राजधानी जयपुर को पेयजल उपलब्ध होने में भी काफी कठिनाई होगी।

माननीय प्रधानमंत्री जी ने आश्वस्त किया था कि पेयजल को प्राथमिकता दी जाएगी। अतः आपसे मेरी प्रार्थना है कि बनास योजना के लिए अधिक धनराशि आबंटित कर इसे पूरा किया जाए।